# कार्यालय महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।

पत्रांकः C-1356/रा0पो0मि0/पो0अभि0/2022–23 दिनांकः 21 दिसम्बर, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

**विषय– पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2042(1)/58–1–2020 दिनांक 07 अगस्त, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में आंगनबाड़ी सेवाओं के अन्तर्गत आने वाले लाभार्थियों यथा 0 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाने, स्वस्थ पोषण व्यवहारों को अपनाने, समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा परिवारों के व्यवहार परिवर्तन (Behaviour Communication Change) के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर विभिन्न समुदाय आधारित गतिविधियों (दिवसों) के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–11/4/2021–सीडी–1(ई–95706) दिनांक 01 अगस्त, 2022 के द्वारा निर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 गाइडलाइन के पैरा 4.2 व Annexure-2 में रू0 250/– की दर से 02 समुदाय आधारित गतिविधि के आयोजन के दिशा–निर्देश प्राप्त हैं। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन पर व्यय धनराशि प्रतिपूर्ति के आधार पर भुगतान की जायेगी, एक समुदाय आधारित गतिविधि आयोजन हेतु निर्धारित धनराशि रू0 250.00 निम्न विवरण के अनुसार व्यय की जानी है–

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सामग्री के लिए व्यय | –रू0 100.00 |
| खान–पान –चाय/स्नैक्स | –रू0 125.00 |
| कोई अन्य आकस्मिक लागत | –रू0 25.00 |

वित्तीय वर्ष 2022–23 के चतुर्थ त्रैमास (माह जनवरी, 2023 से मार्च, 2023 तक) में आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाली समुदाय आधारित गतिविधियों का कैलेण्डर पत्र के साथ संलग्न है।

*गतिविधि दिवस की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निम्न बातों का अवश्य ध्यान रखा जायः–*

- गतिविधि आयोजन की अवधि कम से कम 1–1.5 घण्टे का होना चाहिए
- गतिविधि दिवस में प्रतिभाग करने वाले पात्र लाभार्थियों का चयन सही तरीके से होना चाहिए (अन्नप्राशन दिवस हेतु 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चें तथा गोदभराई हेतु पहले त्रैमास की गर्भवती महिला)
- छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर आयोजित सत्र में बुलाया जाये जिससे कि व्यवहार प्रोत्साहन की प्रकिया सतत् जारी रहें। छूटे हुये लभार्थियों की फॉलोअप योजना अवश्य बनायें।
- **विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपलब्ध करायी गयी पोषण मैनुअल "सक्षम" में अंकित संदेशों का समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन में उपयोग किया जाय।**
- अन्नप्राशन तथा गोदभराई के समय लाभार्थी का वजन अवश्य लिया जाये जिससे कि परामर्श को आउटकम आधारित बनाने में सफलता प्राप्त हो सके।

Scanned with CamScanner

- गोदभराई दिवस पर गर्भवती महिलाओं को **"शगुन कैलेण्डर"** विभागीय बेवसाइट से डाउनलोड/प्रिन्ट कराकर वितरित किया जाय।
- सुपोषण दिवस के आयोजन पर गर्भवती महिलाओं के पतियों एवं बच्चों की माताओं और पिता को पोषण हेतु उन्मुख करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाय। इस बैठक में समुदाय के नेता या सामाजिक कार्यकर्ता को भी सम्मिलित करने का प्रयास किया जाय। बच्चों के दादा दादी, नाना नानी व घर के अन्य सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाय।
- समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन में कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
- समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन सम्बन्धी मासिक प्रगति रिपोर्ट व त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट भारत सरकार के गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित प्रारूप पर नियमित रूप से प्राप्त कर कार्यक्रम में संरक्षित किया जाय।
- पोषण अभियान (नेशनल न्यूट्रीशन मिशन) कार्यक्रम के अन्तर्गत समुदाय आधारित गतिविधि आयोजन हेतु **भारत सरकार की गाइडलाइन 2018 व सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0** में अंकित प्राविधानों का अनुपालन किया जायेगा।
- सामुदायिक आधारित गतिविधियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक **snmgoup@gmail.com** पर उपलब्ध कराना सुश्निचित करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर नियत दिवस को समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन कराना सुश्निचित करें।

**संलग्नक–यथोक्तः**

भवदीय

(कपिल सिंह)
निदेशक

पृष्ठांकनः– ——/तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
4. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6. कार्यालय प्रति।

(कपिल सिंह)
निदेशक

Scanned with CamScanner

# बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग व पोषण अभियान

## सामुदायिक गतिविधि कैलेंडर 2022-23

आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित की जाने वाली सामुदायिक गतिविधियां

| क्र. सं. | निर्धारित दिवस | सामुदायिक गतिविधि का नाम | लाभार्थी समूह | गतिविधि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | | | जनवरी, 2023 | |
| 1 | 03/01/2023 | वजन दिवस | 0 – 5 वर्ष के बच्चे | गैर वित्त पोषित |
| 2 | 10/01/2023 | सुपोषण दिवस | लाभार्थी परिवारों के पुरूष सदस्य विशेषतः पिता व पति | पोषण अभियान के अंतर्गत वित्त |
| 3 | 24/01/2023 | अन्नप्राशन दिवस | 6 माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चे | पोषण अभियान के अंतर्गत वित्त |
| 4 | 31/01/2023 | किशोरी दिवस | 11–14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाएं | गैर वित्त पोषित |
| | | | फरवरी, 2023 | |
| 1 | 07/02/2023 | वजन दिवस | 0 – 5 वर्ष के बच्चे | गैर वित्त पोषित |
| 2 | 14/02/2023 | गोदभराई दिवस | प्रथम त्रैमास की गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, मातृ समिति की सदस्य | पोषण अभियान के अंतर्गत वित्त प |
| 3 | 28/02/2023 | वॉश डे | किसी भी आयुवर्ग के बच्चे, किशोर–किशोरी, महिलाएं, पुरूष, सामुदायिक नेता, पंचायतीराज के सदस्य | पोषण अभियान के अंतर्गत वित्त प |
| | | | मार्च, 2023 | |
| 1 | 06/03/2023 | वजन दिवस | 0 – 5 वर्ष के बच्चे | गैर वित्त पोषित |
| 2 | 14/03/2023 | अन्नप्राशन दिवस | 6 माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चे | पोषण अभियान के अंतर्गत वित्त पो |
| 3 | 28/03/2023 | गोदभराई दिवस | प्रथम त्रैमास की गर्भवती महिलाएं<br>धात्री माताएं<br>मातृ समिति की सदस्य | पोषण अभियान के अंतर्गत वित्त पो |

**नोट:**

- यदि गतिविधि की निर्धारित तिथि पर अवकाश हो, तब निर्धारित तिथि के अगले कार्य दिवस पर गतिविधि आयोजित की जाये।
- पोषण पखवाड़ा 2023 की गतिविधि पृथक से सूचित की जायेगी।
- प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर ई.सी.सी.ई. गतिविधि अपरान्ह 12 से पहले सामुदायिक गतिविधि अपरान्ह 12 के बाद आयोजित की जाये।
- प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्रों पर पी.टी.एम. आयोजित की जायेगी।

Scanned with CamScanner